पत्र संख्या : 7वि॰शा॰/स्थापना–व्यय– 15–03/2022 ज॰सं॰ ...1141....

झारखण्ड सरकार
जल संसाधन विभाग

प्रेषक,

प्रशांत कुमार,
सचिव

सेवा में,

मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, हजारीबाग
संबंधित अधीक्षण अभियंता/संबंधित कार्यपालक अभियंता सह निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग झारखंड।

रॉची, दिनांक : 18/10/22

विषय :– वित्तीय वर्ष 2022–23 के मांग संख्या– 49 जल संसाधन विभाग, मुख्य शीर्ष–2700–मुख्य सिंचाई, उप मुख्य शीर्ष–01– मुख्य सिंचाई–वाणिज्यिक, लघु शीर्ष–001 निदेशन तथा प्रशासन, उप शीर्ष–01–तेनुघाट बाँध परियोजना मद के अंतर्गत व्यय हेतु निधि का आवंटन।

महाशय,

वित्तीय वर्ष 2022–23 में बजट मुख्य शीर्ष **2700–मुख्य सिंचाई** के अंतर्गत परिशिष्ट–I में दर्शाये गये लघु शीर्ष/उप शीर्ष/विस्तृत शीर्ष के अधीन अंकित कार्यालय को व्यय हेतु आवंटन संसूचित किया जाता है:–

| क्रमांक | मांग संख्या/मुख्य शीर्ष | उप मुख्य शीर्ष | लघु शीर्ष/उप शीर्ष | आवंटित राशि (लाख रू॰ में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | मांग संख्या 49 जल संसाधन विभाग/ 2700–मुख्य सिंचाई | 01 मुख्य सिंचाई–वाणिज्यिक | 001–निदेशन तथा प्रशासन/ 01–तेनुघाट बाँध परियोजना | **209.400** |

**कुल आवंटित राशि – रुपये दो करोड़ नौ लाख चालीस हजार मात्र।**

---

2. आवंटित राशि वित्तीय वर्ष 2022–23 के बजट उपबंध **रू॰** 628.89 लाख **(छः करोड़ अठाइस लाख नवासी हजार मात्र)** के अंतर्गत है।

3. आवंटित राशि की निकासी की प्रक्रिया एवं शर्तें वित्त विभागीय स्थायी अनुदेश का पत्रांक 2561 वि॰ (2) दिनांक 17.04.98, 1800 (वि॰) दि॰ 15.07.2003 एवं 1681(वि॰) दि॰ 16.06.15 के आलोक में होगा।

4. राशि की निकासी के पूर्व संबंधित विपत्र/चेक पर व्ययन एवं निकासी पदाधिकारी द्वारा इस प्रसंगाधीन आवंटन आदेश की संख्या एवं तिथि का उल्लेख करना होगा, जिसके आधार पर संबंधित विपत्र/चेक में निहित राशि की निकासी की जा रही है। साथ ही इस आशय का प्रमाण पत्र भी विपत्र/चेक पर अंकित करना होगा कि विपत्र में निहित राशि बजट उपबंध तथा आवंटित राशि के अधीन है और राशि की निकासी के लिए संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी स्वयं सक्षम पदाधिकारी है। प्रत्येक विपत्र/चेक के साथ संबंधित आवंटन आदेश की अभिप्रमाणित प्रति निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा अनिवार्य रूप से संलग्न की जायेगी।

5. जिस शीर्ष के अंतर्गत उपर्युक्त राशि आवंटित की जा रही है, निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी उक्त मुख्य शीर्ष/उप मुख्य शीर्ष/लघु शीर्ष/उप शीर्ष का विस्तृत उल्लेख के साथ मुहर तैयार कर व्यवहार करेंगें ताकि महालेखाकार कार्यालय द्वारा लेखा संधारण में किसी तरह की भूल न हो सके।

6. प्रत्येक निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी पूर्णतः सुनिश्चित हो लेंगें कि इकाईवार व्यय की सीमा किसी भी परिस्थिति में संबंधित इकाई के अंतर्गत आवंटित राशि से अधिक नहीं हो अन्यथा अधिकाई व्यय की पूरी जबाबदेही संबंधित पदाधिकारी पर होगी।

(हरेन्द्र कुमार)
सहायक अभियंता

(राजेन्द्र प्रसाद)
उप सचिव (अभि॰)

7. सेवानिवृत कर्मियों को अनुमान्य एक मुश्त स्थानान्तरण अनुदान और पैकिंग भत्ता, वित विभाग के पत्रांक–170 दिनांक–01.04.2014 से प्राप्त निदेश के अनुरूप की जायेगी।

8. मकान किराया भत्ता मद में आवंटित राशि का भुगतान नियमानुसार सक्षम स्तर से किराया निर्धारण तथा अन्य संबंधित आवश्यक अभिलेखों की उपलब्धता के उपरांत ही अनुमान्य राशि तक सीमित कर किया जाएगा

9. 15.11.2000 के पूर्व का बकाया वेतन, 15.11.2000 के बाद का बकाया वेतन एवं चिकित्सा प्रतिपूर्ति का भुगतान वित विभाग के पत्रांक – 29/बी0 टी0 ई0–15/2013–14/170/बजट दिनांक 01.04.2014 एवं पत्रांक–26/बी0एस0जी0–01/2014/488/बजट दिनांक 18.12.2014 के आलोक में किया जायेगा।

10. यदि आवंटित की गई राशि अपर्याप्त महसूस हो तो राशि के व्यय का पूर्ण औचित्य तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र के साथ राशि की मांग करेंगें। ध्यान रहे कि जिस कार्यालय से व्यय का पूर्ण औचित्य प्राप्त नहीं होगा अतिरिक्त राशि का आवंटन नहीं दिया जायेगा।

11. यदि किसी इकाई में आवंटित राशि (वेतन को छोड़ कर) का तत्काल व्यय संभव न हो तो अतिरेक राशि का तुरंत प्रत्यर्पण कर दिया जाय। राशि का प्रत्यर्पण Online किया जाय साथ हीं पूर्ण प्रत्यर्पण प्रतिवेदन इकाईवार हार्ड कॉपी में Access No तथा Revoke No/Surrender No का भी आवश्यक रूप से उल्लेख करते हुए उपलब्ध कराया जाय। **अतिरिक्त आबंटन की अधियाचना के विरूद्ध आबंटन तभी निर्गत किया जायेगा जब पूर्व निर्गत आबंटन के विरूद्ध शत–प्रतिशत व्यय सुनिश्चित कर लिया जायेगा।**

12. बिहार वित्तीय नियमावली (भाग–1) के नियम 473 एवं 475 में विहित निदेश/वित्तीय नियमावली बजट मैनुअल/सचिवालय अनुदेश तथा अन्य सुसंगत अभिलेखों में विहित प्रावधानों तथा राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर निर्गत अनुदेशों का दृढ़तापूर्वक अनुपालन किया जाना संबंधित मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंता का दायित्व होगा।

13. प्रत्येक निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संबंधित शीर्षान्तर्गत हुए व्यय का सत्यापन नियमानुसार त्रैमासिक रूप से महालेखाकार रॉची के साथ निश्चित रूप से कराते रहेंगे तथा व्यय प्रतिवेदन एवं सत्यापन विवरणी विभाग को समर्पित करेंगे।

14. देशीय यात्रा व्यय मद में उपलब्ध कराये गये आवंटन से लंबित स्थानान्तरण यात्रा भत्ता का भुगतान प्रथमतः सेवानिवृत कर्मियों को सेवानिवृति की तिथि को आधार मानते हुए कालानुक्रमिकानुसार किया जाय। तत्पश्चात् अन्य स्थानान्तरण यात्राभत्ता का भुगतान कालानुक्रमिकानुसार (chronological order) किया जाय।

15. विभिन्न इकाईयों में आवंटित राशि में से यदि राशि बच जाती है तो उसका **इकाईवार प्रत्यर्पण 31मार्च 2023 के पूर्व** तक निश्चित रूप से कर देंगे।

***नोट : यह आवंटनादेश जलसंसाधन विभाग के वेब साईट ( http://www.wrdjharkhand.nic.in) पर भी उपलब्ध है।***

**अनु॰ :– यथोक्त**

(प्रशांत कुमार)
सचिव

ज्ञापांक :– 141 रॉची, दिनांक :– 18/10/22

प्रतिलिपि :– महालेखाकार, झारखण्ड पो॰ – **हिनू, रॉची/कोषागार पदाधिकारी,** रॉची/डोरंडा/हजारीबाग/बोकारो/तेनुघाट सहित राज्य के सभी कोषागार एवं उपकोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**अनु॰ :– यथोक्त**

(प्रशांत कुमार)
सचिव

ज्ञापांक :– 141 रॉची, दिनांक :– 18/10/22

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव, योजना–सह–वित्त विभाग/संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/संबंधित उपायुक्त/आंतरिक वित्तीय सलाहकार, जल संसाधन विभाग/ अभियंता प्रमुख I एवं II, जल संसाधन विभाग/मुख्य अभियंता (मो॰),रॉची/संयुक्त सचिव (अभि॰), जल संसाधन विभाग /उप सचिव (अभि॰), जल संसाधन विभाग को पॉच प्रति/प्रशाखा–7 को दस अतिरिक्त प्रतियों में/ सचिव के सचिव, जल संसाधन विभाग/सांख्यिकी पदाधिकारी, ज॰ सं॰वि॰/वेब सूचना प्रबंधक, ज॰सं॰वि॰ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**अनु॰ :– यथोक्त**

(हरेन्द्र कुमार)
सहायक अभियंता

(राजेन्द्र प्रसाद)
उप सचिव (अभि॰)

(प्रशांत कुमार)
सचिव

परिशिष्ट I

पत्रांक 141 दिनांक 18/10/22 का अनुलग्नक

मांग संख्या–49–जल संसाधन विभाग

मुख्य शीर्ष–2700–मुख्य सिंचाई/उप मुख्य शीर्ष–01–मुख्य सिंचाई वाणिज्यिक

लघु शीर्ष–001–निदेशन तथा प्रशासन/उप शीर्ष–01–तेनुघाट बॉध परियोजना

| क० सं० | वित्तीय वर्ष 2022–2023 | | विस्तृत शीर्ष–01–वेतन एवं भत्तें | | विस्तृत शीर्ष–02–यात्रा व्यय | विस्तृत शीर्ष–03–प्रशासनिक व्यय | | | | विस्तृत शीर्ष–04–मोटरगाड़ियां | विस्तृत शीर्ष–07–अन्य व्यय | राशि लाख रूपये में | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कार्यालय का नाम | | वेतन | एल०टी०सी० | देशीय यात्रा व्यय | कार्यालय व्यय | दूरभाष | वर्दी | विद्युत व्यय | मोटरगाड़ियां इंधन एवं मरम्मति | विधि प्रभार | कुल योग | अभियुक्ति |
| | | विपत्र कोड | 49S27000100101000101 | 49S27000100101000112 | 49S27000100101000213 | 49S27000100101000315 | 49S27000100101000333 | 49S27000100101000334 | 49S27000100101000337 | 49S27000100101000442 | 49S27000100101000760 | | |
| 1 | 2 | 3 | 3 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | तेनुघाट बाँध अंचल, तेनुघाट | पूर्व का आवंटन | 56.000 | 0.000 | 0.000 | 0.250 | 0.100 | 0.000 | 0.000 | 0.500 | 0.000 | **56.850** | |
| | | अतिरिक्त आवंटन | **42.000** | **0.000** | **1.200** | **0.600** | **0.000** | **0.000** | **0.000** | **0.800** | **0.000** | **44.600** | |
| | | कुल आवंटन | 98.000 | 0.000 | 1.200 | 0.850 | 0.100 | 0.000 | 0.000 | 1.300 | 0.000 | 101.450 | |
| 2 | तेनुघाट बाँध प्रमंडल, तेनुघाट | पूर्व का आवंटन | 280.000 | 0.000 | 0.000 | 0.800 | 0.050 | 0.000 | 0.000 | 0.400 | 0.000 | **281.250** | |
| | | अतिरिक्त आवंटन | **162.000** | **0.000** | **1.200** | **0.400** | **0.100** | **0.000** | **0.000** | **0.500** | **0.600** | **164.800** | |
| | | कुल आवंटन | 442.000 | 0.000 | 1.200 | 1.200 | 0.150 | 0.000 | 0.000 | 0.900 | 0.600 | 446.050 | |
| | अतिरिक्त आवंटन | | **204.000** | **0.000** | **2.400** | **1.000** | **0.100** | **0.000** | **0.000** | **1.300** | **0.600** | **209.400** | |

कुल आवंटित राशि– रू० दो करोड़ नौ लाख चालीस हजार मात्र।

(हरेन्द्र कुमार)
सहायक अभियंता

(राजेन्द्र प्रसाद)
उप सचिव (अभि०)

(प्रशांत कुमार)
सचिव